FORTUNE TMT
PANORA 2026
THE PROPERTY FEST

RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

Date
10-11th April, 2026
Time
10 am to 8:00 pm
Venue
Nirvana Luxury Hotel, Ludhiana


VOL: 11 | ISSUE 77 | TUESDAY 31-03-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

भगवान महावीर जयंती की हार्दिक बधाई
"LIVE & LET LIVE"
KGOC
kangaro | MUNIX | MiLES | KOHE | KAYMO
KANGARO INDUSTRIES LIMITED
B-XXX-6754, FOCAL POINT, LUDHIANA-141 010, INDIA, PH.: 2679000, E-mail: info@kgocglobal.com

## अरोड़ा का पंजाब इंडस्ट्री को तोहफे पे तोहफा, PSIEC प्लाट होल्डरों को OTS स्किम में 5% फीस दे बिना चार्ज रजिस्ट्री और फ्री होल्ड प्रॉपर्टी करवाने का मौका

लुधियाना/यूटर्न/30 मार्च। पंजाब सरकार की और से इंडस्ट्री की लंबे से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए उन्हें बड़ी राहत दे दी है। जिसके चलते अब पीएसआईईसी के सभी प्लॉटों होल्डरों को रिजर्व कीमतों को 05% भुगतान कर जमीन के पूरे तरीके से अपनी मालकी बना सकेगें। पंजाब सरकार द्वारा वन टाइम सेटल्मेंट स्कीम लांच की गई है, जो कि 30 अप्रैल तक लागू रहेगी। इस समय के दौरान फोकल प्वाइंट के सभी कारोबारी जमीनों का पांच प्रतिशत लीज होल्ड का रिजर्व प्राइज देकर रजिस्ट्री करवा सकेगें। वहीं रजिस्ट्री भी फ्री में होगी। सरकार के इस ऐलान के बाद कारोबारियों में खुशी की लहर है। कारोबारियों द्वारा मंत्री संजीव अरोड़ा का आभार व्यक्त किया गया। जानकारी के अनुसार पीएसआईईसी की और से फोकल प्वाइंट विकसित किया गया था। जिसके बाद कारोबारियों द्वारा वहां पूरी पेमेंट देकर जमीनें तो खरीद ली गई, उसकी मालकी पीएसआईईसी के पास ही थी। अब लुधियाना के कारोबारी 15000 रुपए प्रति गज के रिजर्व कीमत का पांच प्रतिशत पेमेंट 750 रुपए गज देकर रजिस्ट्री अपने नाम करवा सकेगें। रजिस्ट्री का कोई अलग से खर्चा नहीं लगेगा। दरअसल, जब से फोकल प्वाइंट बसाया गया, तब से कारोबारियों की यह मांग थी। लेकिन किसी भी सरकार ने इस मांग को पूरा नहीं किया था। हालांकि इस फैसले से जहां कारोबारियों को फायदा मिलेगा, वहीं सरकारी खजाने भी भर सकेगें। इसके साथ ही व्यापारियों को पीएसआईईसी से होने वाली परेशानी से भी राहत मिलेगी।



### सरकार व्यापार को दे रही बढ़ावा



अश्वनी गोयल ने कहा कि सरकार का यह फैसला सारहणीय है। इससे कारोबार में भी इजाफा होगा। सरकार लगातार व्यापार को बढ़ावा दे रही है।

### मंत्री अरोड़ा ने करके दिखाया



अपेक्स चैंबर के कारोबारी राहुल आहूजा ने कहा कि उनकी एसोसिएशन की तरफ से लंबे समय से यह मांग की जा रही थी। इस पर लोग तंज कसते थे कि जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी। मगर मंत्री संजीव अरोड़ा ने इसे कर दिखाया।

### अब अपनी जमीन कह सकेगें कारोबारी



वनीत जैरथ ने कहा कि जमीन की पूरी पेमेंट देकर भी कारोबारी लीज पर काम चला रहे थे। लेकिन अब सरकार के इस फैसले से उस जमीन को कारोबारी अपनी कह सकेगें।



**चंडीगढ़ के चक्कर होंगे खत्म...** केके गर्ग ने कहा कि पहले कारोबारियों को अपनी प्रॉपर्टी संबंधी चंडीगढ़ पीएसआईईसी ऑफिस के चक्कर लगाने पड़ते थे। लेकिन अब यह खत्म होंगे।

### मंत्री अरोड़ा लगातार दे रहे उपहार



अविनाश गुप्ता ने कहा कि मंत्री संजीव अरोड़ा द्वारा जब से इंडस्ट्री मंत्री बने हैं, तब से उद्योग जगत को एक के बाद एक उपहार दे रहे हैं। उनके कार्य सराहनीय है।




**इंडस्ट्री के लिए राहत की बात...** उपकार आहूजा ने कहा कि यह इंडस्ट्री के लिए बहुत बड़ी राहत है। पहले किसी भी तरह की परमीशन के लिए पीएसआईईसी ऑफिस जाना पड़ता था। मगर अब वह दिक्कत दूर होगी।




### अरोड़ा की दूरदर्शी सोच से हुआ संभव

जेआर सिंघल ने कहा कि पुराने लीडरों द्वारा कभी व्यापारियों की समस्याएं नहीं जानी गई। लेकिन मंत्री संजीव अरोड़ा की दुरदर्शी सोच से यह मुमकिन हो सका है।



### आप सरकार की पहलकदमी

रजनीश बाटा ने कहा कि पुरानी सरकारों के आगे व्यापारियों ने कई बार मांग रखी। लेकिन किसी ने सुनवाई नहीं की। आप सरकार और मंत्री अरोड़ा की पहलकदमी से यह हल हो सका।



Celebrate your Birthday or Anniversary with UTURN TIME in association with
Hot Breads
0161-4603333, 5012222
2 LUCKY WINNERS WILL GET CAKE WORTH OF ₹1200 EACH
*WINNERS WILL BE DECIDED THROUGH LUCKY DRAW
T&C
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
janhetaishi@gmail.com, hetaishinews@gmail.com
All rights about Distribution & Offer will be reserved by U-TURN TIME MANAGEMENT Only.

महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ
Happy Mahavir Jayanti
CHAMAN KNIT
Don't just Buy, Buy Right!!
REFLECTION
Add: B-III, 978, Near Daresi Ground, Purana Bazar, Ludhiana 141008 | M: 8725000451
E-mail: info@chamanknit.com | Website: www.chamanknit.com

## गुस्ताखी माफ



इस कचरे के हम भला, कैसे ज़िम्मेदार।
फैलाएंगे हम इसे, उठवाये सरकार।
उठवाये सरकार, काम ये सारे उसके।
हम तो कूड़ा फेंक, फेर कर मुख को खिसके।
कह साहिल कविराय, फेंक हम कचरा आये।
अब देखे सरकार, उठाये नहीं उठाये।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

# अमेरिका को बड़ा झटकाः स्पेन ने अमेरिकी विमानों के लिए एयरस्पेस बंद किया, मिलिट्री बेस से भी इंकार

चंडीगढ़/यूटर्न/30 मार्च। स्पेन ने ईरान पर हमलों में शामिल अमेरिकी विमानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है। रक्षा मंत्री मार्गरीटा रोबल्स ने सोमवार को बताया कि यह फैसला, दोनों देशों द्वारा मिलकर चलाए जा रहे मिलिट्री बेस के इस्तेमाल से मना करने के उनके पहले के फैसले का ही विस्तार है। मैड्रिड में पत्रकारों से बात करते हुए रोबल्स ने कहा, हम ईरान में चल रहे युद्ध से जुड़ी किसी भी कार्रवाई के लिए न तो अपने मिलिट्री बेस के इस्तेमाल की इजाजत देते हैं और न ही अपने एयरस्पेस के इस्तेमाल की। इस कदम की खबर सबसे पहले स्पेनिश अखबार 'एल पेस' ने दी थी, जिसने मिलिट्री सूत्रों का हवाला दिया था। रिपोर्ट के मुताबिक, इस पाबंदी के चलते मिलिट्री विमानों को मध्य-पूर्व में अपने ठिकानों तक पहुंचने के लिए नाटो सदस्य देश स्पेन के ऊपर से गुजरने के बजाय उसके आसपास से घूमकर जाना पड़ेगा। हालांकि, आपातकालीन स्थितियों में एयरस्पेस बंद करने का यह नियम लागू नहीं होगा।

## ट्रंप ने दे डाली धमकी

स्पेन के अर्थव्यवस्था मंत्री कार्लोस कुएर्पो ने कहा कि यह फैसला, इस संघर्ष के प्रति सरकार के व्यापक रुख को दर्शाता है। रेडियो 'कैडेना सेर' को दिए एक इंटरव्यू में, उन्होंने कहा यह फैसला स्पेनिश सरकार द्वारा पहले ही लिए गए उस फैसले का ही एक




हिस्सा है, जिसके तहत हमने एक ऐसे युद्ध में शामिल न होने या उसमें कोई योगदान न देने का निर्णय लिया था, जिसे एकतरफा ढंग से और अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ जाकर शुरू किया गया था। प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज, ईरान पर अमेरिका और इजराइल द्वारा किए गए हमलों के सबसे मुखर आलोचकों में से एक रहे हैं; उन्होंने इन हमलों को लापरवाही भरा और गैर-कानूनी बताया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संभावित आर्थिक परिणामों की चेतावनी देते हुए धमकी दी है कि अगर स्पेन ने इस संघर्ष से जुड़े अभियानों के लिए अपने मिलिट्री बेस के इस्तेमाल की इजाजत नहीं दी, तो वह मैड्रिड के साथ होने वाले व्यापार को पूरी तरह से बंद कर देंगे।

## ईरान युद्ध से जुड़ा विवाद

स्पेन की सरकार द्वारा ईरान पर अमेरिका और इजराइल के युद्ध की आलोचना किए जाने के बाद, वाशिंगटन और मैड्रिड के बीच तनाव काफी बढ़ गया है। स्पेन ने इस




युद्ध को 'लापरवाही भरा' और 'गैर-कानूनी' करार दिया था। प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज के नेतृत्व वाली स्पेन की वामपंथी सरकार ने, ईरान के खिलाफ चलाए जा रहे सैन्य अभियानों के लिए, दक्षिणी स्पेन में स्थित उन हवाई और नौसैनिक अड्डों के इस्तेमाल पर भी अमेरिकी विमानों के लिए रोक लगा दी है, जिनका संचालन दोनों देश मिलकर करते हैं।

## ट्रंप काफी नाराज

इस कदम से ट्रंप काफी नाराज हो गए। इससे पहले उन्होंने स्पेन पर पूरी तरह से व्यापारिक प्रतिबंध लगाने की धमकी दी थी, और साथ ही इस बात के लिए भी स्पेन की आलोचना की थी कि वह नाटो द्वारा तय किए गए रक्षा खर्च के नए लक्ष्य (जो कि देश की कुल ऋृद्ध का 5 प्रतिशत है) को पूरा करने में नाकाम रहा है। इन तमाम धमकियों के बावजूद, स्पेनिश अधिकारियों का कहना है कि दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंध अभी भी स्थिर बने हुए हैं।

# 'अपने नेता को ही भूल गया अकाली दल'- मनप्रीत संधू का तीखा हमला, लाइब्रेरी बनाने का ऐलान

डेराबस्सी/यूटर्न/30 मार्च। स्वर्गीय कैप्टन कमलजीत सिंह की बरसी के मौके पर डेराबस्सी में सियासी घमासान तेज हो गया है। इस बीच मनप्रीत सिंह बन्त्री संधू ने शिरोमणि अकाली दल पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि पार्टी अपने ही वरिष्ठ नेता को उनकी बरसी पर याद नहीं कर सकी, जो बेहद शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है।



संधू ने कहा कि कैप्टन कमलजीत सिंह जैसे जमीनी और लोकप्रिय नेता को नजरअंदाज करना न सिर्फ उनकी विरासत का अपमान है, बल्कि यह दशार्ता है कि अकाली दल अब अपने मूल सिद्धांतों से भटक चुका है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, अकाली दल अब खाली दल बनकर रह गया है। जो अपने ही नेता को सम्मान नहीं दे सके, वह जनता की भावनाओं को क्या समझेंगे और क्षेत्र का विकास कैसे करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि बरसी जैसे संवेदनशील मौके पर पार्टी को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित करना चाहिए था, लेकिन इसके बजाय राजनीतिक रैली करना लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। इस संदर्भ में उन्होंने सुखबीर सिंह बादल द्वारा डेराबस्सी में की गई रैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह निर्णय पूरी तरह से गलत और असंवेदनशील था। मनप्रीत संधू ने कहा कि आज भी डेराबस्सी के लोग कैप्टन कमलजीत सिंह को एक सादगीपूर्ण, ईमानदार और विकास कार्यो को प्राथमिकता देने वाले नेता के रूप में याद करते हैं। उनके कार्यकाल में क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण विकास कार्य हुए, जिनकी छाप आज भी साफ दिखाई देती है। इस मौके पर संधू ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि यदि भाजपा की सरकार बनती है, तो डेराबस्सी में स्वर्गीय कैप्टन कमलजीत सिंह के नाम पर एक अत्याधुनिक लाइब्रेरी बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह लाइब्रेरी बच्चों और युवाओं के लिए ज्ञान का केंद्र बनेगी, जहां उन्हें बेहतर शिक्षा और पढ़ाई का माहौल मिलेगा।

भगवान महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ
FIDO-DIDO® KIDS WEAR
RED ROCK THE WAY TO FASHION
ROSHAN LAL KAILASH WANTI JAIN
KIRAN KUMAR SAURABH JAIN PARIVAR
(KASUR WALE)
MU MAHAVIR UDYOG®

लुधियाना

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

03 मंगलवार, 31 मार्च 2026



पेज 06 इंसाफ की मांग को लेकर किसानों का प्रदर्शन...

## घंटा घर स्थित होटल नीलकंठ को लेकर चौंकाने वाले खुलासे

# बिल्डिंग बायलॉज की धज्जियां उड़ा बना होटल नीलकंठ, निगम ने फिर भी पास किया नक्शा, ADFO-FSO ने सेटिंग कर जारी की गलत एनओसी

## पूर्व एडीएफओ ने किया अफसरों का बचाव, क्या मौजूदा अधिकारी लेगें एक्शन


राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/30 मार्च। लुधियाना के घंटा घर स्थित शू मार्केट के नजदीक गली में बने होटल नीलकंठ में कुछ हिस्से को इललीगल बताते हुए नगर निगम जोन-ए की बिल्डिंग ब्रांच के अफसरों ने सील कर दिया। लेकिन अब इस मामले में कई ऐसे चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं, जिनके बारे में शायद उच्च अधिकारियों को अभी तक पता ही नहीं था। इस होटल को बनाने और फिर चलाने के लिए अधिकारियों ने इस लेवल पर इललीगल तरीके से मदद की कि आम इंसान की सोच से भी बाहर है। चर्चा है कि होटल नीलकंठ पूरे तरीके से इललीगल है। दरअसल, यह होटल मात्र 10 फीट चौड़ी सड़क पर भीड़भाड़ वाले इलाके में बनाया गया है। जिसका निर्माण बिल्डिंग बायलॉज के इकदम उल्ट किया गया है। गलत निर्माण होने के बावजूद निगम अफसरों द्वारा होटल को परमिशनें दी गई। यहीं नहीं फायर सेफ्टी विभाग के अधिकारियों ने तो सेटिंग होने के चलते एनबीसी की गाइडलाइंस का उल्लंघन करते हुए गलत फायर एनओसी तक जारी कर दी। इस मिलीभगत के चलते फायर विभाग के दोनों अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी हुई। चर्चा है कि पुराने अफसरों की जगह आए नए अफसरों के साथ सेटिंग हो जाने के चलते फिर होटल मालिक ने अपना बचाव कर लिया। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि निगम व फायर विभाग को बिल्डिंग इललीगल का पता होने के बावजूद एक्शन न लेकर आम जनता की जान को खतरे में डाला जा रहा है।





घंटा घर स्थित होटल नीलकंठ



होटल नीलकंठ के पास नहीं है फायर एनओसी

### क्या निगम ने अंदरखाते दी है परमिशनें

बता दें कि यह होटल 10 फीट की सड़क पर बना है। वहीं उक्त होटल में हाउस लेन भी नहीं छोड़ी गई। जिसके बाद दो मंजिल कमर्शियल पास होने के नियम के बावजूद चार से पांच मंजिल तक इमारत खड़ी कर डाली। इसी के साथ साथ बेसमेंट तक बना दी गई है। वहीं उक्त बिल्डिंग का नियमों के मुताबिक न तो नक्शा पास हो सकता है और न ही किसी और तरीके की परमिशनें मिल सकती है। लेकिन निगम अधिकारियों के मुताबिक बिल्डिंग का कुछ हिस्सा ही इललीगल है। यानि कि उक्त होटल को निगम से परमिशनें मिली हुई है। अब यह बड़े सवाल खड़े होते हैं कि इललीगल इमारत होने के बावजूद आखिर परमिशनें कैसे दें दी गई।

### फायर अधिकारियों ने जारी की गलत एनओसी

वहीं सबसे बड़ा हेरफेर तो फायर सेफ्टी विभाग द्वारा किया गया है। दरअसल, फायर विभाग के एफएसओ करतार सिंह की और से 24 नवंबर 2022 को होटल नीलकंठ की इंस्पेक्शन की। करतार सिंह ने रिपोर्ट बनाई कि उन्होंने आग बुझाओ यंत्र चैक कर लिए हैं, वह सही हैं। जबकि यह नहीं देखा कि वहां आगजनी की घटना हुई तो बचाव हो भी पाएगा या नहीं। बिल्डिंग नियमों के मुताबिक बनी है या नहीं। बिना कुछ देखें सिर्फ गली की चौड़ाई 10 फीट बताकर रिपोर्ट बेज दी। जिसके बाद पूर्व एडीएफओ सवरन चंद ने भी बिना कुछ सोचे समझे 25 नवंबर 2022 को गलत तरीके से एनओसी जारी कर दी।

### खुद को फंसते देख कैंसिल की एनओसी



नवंबर 2022 में एनओसी जारी करने के बाद फायर अधिकारी अपना हिस्सा लेकर साइड पर बैठ गए। इस दौरान इस हेरफेर का खुलासा हो गया। जिसकी मई 2023 को शिकायत हुई। फंसने के डर से आनन-फानन में एनओसी कैंसिल कर डाली। फिर एडीएफओ मनिंदर सिंह ने कहा कि एनओसी जारी करने वाले पूर्व एडीएफओ रिटायर्ड हो गए हैं, जबकि अब एनओसी जारी नहीं होगी। वहीं एफएसओ करतार सिंह पर एक्शन नहीं लिया, जो आज भी ड्यूटी कर रहे हैं। अब देखना होगा कि मौजूदा एडीएफओ जसविंदर सिंह एक्शन लेगें या नहीं।

### मुझे मामला याद नहीं



वहीं पूर्व एडीएफओ मनिंदर सिंह का कहना है कि उन्हें मामला याद नहीं है। अगर चंडीगढ़ से पत्र आया था तो एक्शन भी हुआ होगा। लेकिन बता दें कि चंडीगढ़ से पत्र जरुर आया था, लेकिन मनिंदर सिंह तब भी कार्रवाई को टाल मटोल करते रहे।

### अब होटलों पर क्या करें कार्रवाई

मौजूद एडीएफओ जसविंदर सिंह के मुताबिक उन्हें अभी चार्ज लिए पांच महीने ही हुए हैं, जिसके चलते उन्हें अभी इन होटलों का पता नहीं चल पाया है। पहले अगर लोकल बॉडी विभाग ने एक्शन लिया तो अधिकारियों पर कार्रवाई जरुर हुई होगी। रही बात होटलों की तो उन पर क्या एक्शन लें, यहीं हो सकता है कि उन्हें एनओसी नहीं देगें। निगम नक्शे पास कर देता है, फिर सारी बात फायर विभाग को देखने के लिए कह दिया जाता है।

### फायर विभाग का कहना निगम ने किया है नक्शा पास





वहीं फायर विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नगर निगम द्वारा बिल्डिंग का नक्शा पास किया हुआ है। उसी के आधार पर वह आगे की जांच करते हैं। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि आखिर निगम ने किस आधार पर नक्शा पास कर दिया। ऐसे में वहां आगजनी की घटना हुई तो लोगों का कैसे बचाव होगा, यह अधिकारी खुद नहीं जानते। अगर गलत नक्शा पास है, तो अब एटीपी ने उसे सही करके बनती कार्रवाई क्यों नहीं की।

### निगम ने भी किया है नक्शा पास

वहीं एफएसओ करतार सिंह का कहना है कि वह पुराना एरिया है। नगर निगम ने बिल्डिंग का नक्शा पास किया है, उसे देखकर हमने एनओसी दी। होटल में फायर सेफ्टी यंत्र लगे थे। मैंने इंस्पेक्शन की थी और एनओसी पूर्व एडीएफओ सवरन चंद ने जारी की।

### डायरेक्टर ने कहा, सीधे एक्शन लें निगम व फायर विभाग

वहीं निगम और फायर अफसरों के इस हेरफेर की शिकायत लोकल बॉडी विभाग पंजाब को हो गई। जिसके बाद विभाग ने पहले एक्शन लेने के लिए दोनों विभागों को पत्र भेजा। लेकिन उन्होंने होटल मालिक को नोटिस जारी करने की बात कही। लेकिन लोकल बॉडी विभाग के डायरेक्टर ने आदेश दिए कि नोटिस पर्याप्त नहीं है। इस मामले एक्शन लेकर एक हफ्ते के अंदर अंदर रिपोर्ट बनाकर भेजी जाए। मगर दोनों विभागों के कान पर जूं नहीं सिरकी और डायरेक्टर के आदेशों को भी अनदेखा कर दिया गया।

### दोनों अधिकारियों के खिलाफ हुआ था एक्शन

मामले में एडीएफओ सवरन चंद और एफएसओ करतार सिंह के खिलाफ मिलीभगत करके एनओसी जारी करने की लोकल बॉडी विभाग को शिकायत हो गई। विभाग द्वारा एफएसओ करतार सिंह और रिटायर्ड एडीएफओ सवरन चंद खिलाफ कार्रवाई की गई। जिस संबंधी विभाग ने निगम कमिश्नर को इसकी चार्जशीट का खरड़ा तैयार कर भेजने के आदेश दिए थे। हैरानी की बात तो यह है कि इस दौरान एडीएफओ मनिंदर सिंह ने चार्ज लिया। लेकिन उन्होंने भी होटल नीलकंठ खिलाफ एक्शन नहीं लिया।

### अलग-अलग पॉट्र्स में होटलों संबंधी किए जाएंगे बड़े खुलासे

बिल्डिंग ब्रांच की और से शनिवार होटल विक्रांत, होटल महाराजा, होटल ग्रेट वॉल, होटल सरताज और होटल नीलकंठ के कुछ हिस्से की सीलिंग की गई है। लेकिन इन पांचों होटलों में मामलों में कई तथ्य ऐसे हैं, जो काफी चौंकाने वाले हैं। जिस संबंधी उच्च अधिकारियों को भी न बताकर गुमराह किया जा रहा है। लेकिन यूटर्न टाइम अखबार द्वारा इन होटलों से संबंधित अनियमितताओं को एक-एक कर पब्लिक और सरकार के सामने लाया जाएगा।



Uturn Time 31 Mar 2026_Layout 2 30-03-2026 23:04 Page 4



# बलटाना मेन मार्केट में पाइपलाइन लीकेज, सड़क पर भरा पानी बना मुसीबत

## राहगीरों और दुकानदारों को परेशानी, कई दिनों से नहीं हुआ स्थायी समाधान





जीरकपुर/यूटर्न/30 मार्च। जीरकपुर के बलटाना स्थित मेन मार्केट क्षेत्र में पीने के पानी की पाइपलाइन लीकेज होने से सड़क पर पानी भर गया है, जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाजार की व्यस्त सड़क पर जमा पानी के कारण जहां पैदल चलना मुश्किल हो गया है, वहीं दोपहिया और चारपहिया वाहनों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है।

स्थानीय दुकानदारों और निवासियों के अनुसार, यह समस्या पिछले कई दिनों से बनी हुई है, लेकिन संबंधित विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लगातार बहते पानी के कारण सड़क पर कीचड़ जमा हो गया है, जिससे फिसलन बढ़ गई है और हादसों का खतरा भी बना हुआ है।

मौके पर स्थिति यह है कि सड़क के कई हिस्सों में पानी भरा हुआ है और लोगों को किनारे-किनारे चलने को मजबूर होना पड़ रहा है। वाहन चालक भी पानी से बचने के प्रयास में संतुलन खो रहे हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

दुकानदारों का कहना है कि इस समस्या का सीधा असर उनके व्यापार पर पड़ रहा है। गंदगी और पानी के कारण ग्राहक बाजार में आने से बच रहे हैं, जिससे कारोबार प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पाइपलाइन लीकेज को ठीक कर सड़क की सफाई करवाई जाए, ताकि राहत मिल सके। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है।

> मैं टीम भेजकर मौके की जांच करवा लेता हूं, उसके बाद ठेकेदार को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा।
>
> — स्वनीत सिंह, जेई, नगर परिषद

## मच्छरों का बढ़ता प्रकोप, बिना योजना खाली हाथ मच्छरों का मुकाबला करेंगे निगम व सेहत विभाग

अशोक सहगल

लुधियाना यूटर्न 29 मार्च। महानगर में शुरू हुए अचानक मच्छरों के प्रकोप से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी परेशान है क्योंकि इतनी जल्दी तो उन्होंने सोचा भी नहीं था जितनी जल्दी डेंगू का प्रकोप सामने आने लग गया विशेषज्ञों के अनुसार इसी बीच होने वाली बारिश डेंगू के ऊपर को और भी बढ़ा सकती है मार्च के आखिरी सप्ताह में डेंगू के मामले सामने आने पर नगर निगम पर स्वास्थ्य विभाग अभी खाली हाथ दिखाई देते हैं क्योंकि ना तो अभी फॉगिंग का शेड्यूल बना है और ना ही फोकल स्प्रे का मच्छरों से बचाव के लिए दवा का कितना प्रबंध है यह भी अभी स्पष्ट नहीं है।



डेंगू से बच्चों को अधिक खतरा... डेंगू के शुरू हुए प्रकोप के मध्य नजर यह भी सामने आया है कि मरीजों में काफी संख्या बच्चों की भी सामने आ रही है विशेषज्ञ ने कहा कि डेंगू बुखार से कई बच्चे भी सामने आ रहे हैं इसलिए राज्य की सभी म्यूनिसिपल कमेटियों, निगमों को जिलों के शहरी क्षेत्र के स्कूलों में फॉगिंग, मच्छर मारने की दवाई का छिड़काव करवाए जाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए जाएं। यह प्रक्रिया इस मौसम तथा भविष्य के लिए भी जारी रखी जाए। इसके अलावा स्कूल शिक्षा विभाग शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के सभी सरकारी स्कूलों के बच्चों को इस मौसम में पूरी ड्रैस डालकर आने को कहा जाए। यह प्रक्रिया इस मौसम में तथा भविष्य में भी जारी रखी जाए। उल्लेखनीय है कि विशेषज्ञों द्वारा डेंगू से बचाव के लिए पूरा शरीर ढक कर रखने वाले कपड़े पहनने को कहा जाता है परंतु बहुत से स्कूल ड्रेस कोड के चलते हैं बचाव कार्यों संबंधी निर्देशों का पालन नहीं करते।


## Bonn Group ने भारत की पहली फ्लेवर्ड ब्रेड रेंज लॉन्च की

लुधियाना/यूटर्न/30 मार्च। रोजमर्रा के खाने की आदतों को बदलने वाले एक अनोखे कदम के तहत Bonn Group ने तीन नई फ्लेवर्ड ब्रेड लॉन्च की हैं। जिसमें लहसुनी तड़का ब्रेड, मिस्सी ब्रेड और डाइजेस्टिव अजवाइन जीरा ब्रेड शामिल है। ये प्रोडक्ट पारंपरिक ब्रेड में भारतीय स्वाद का जबरदस्त ट्विस्ट लाते हैं। यह ब्रेड फिलहाल केवल ब्लिंकइट पर उपलब्ध हैं और इस लॉन्च के






जरिए ब्रेड को सिर्फ एक सामान्य खाद्य पदार्थ से हटाकर एक मजेदार और फ्लेवर-फुल अनुभव बनाने की कोशिश की गई है। अब तक ब्रेड को एक साधारण बेस के रूप में देखा जाता था, लेकिन अब इसे क्षेत्रीय स्वाद और हेल्थ बेनिफिट्स के साथ नए तरीके से पेश किया जा रहा है। Bonn Group का लक्ष्य ब्रेड और रोटी के बीच के अंतर को कम करना है, ताकि लोगों को परिचित स्वाद के साथ सुविधा और नया अनुभव मिल सके।






## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

जीरकपुर/यूटर्न/30 मार्च। जीरकपुर में शादी का झांसा देकर एक युवती के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने बताया कि सितंबर 2025 में उसने जीरकपुर से शिमला जाने के लिए एक कैब बुक की थी, जिसे निशान सिंह चाहल चला रहा था। शिमला पहुंचने के बाद उसका कुछ सामान गाड़ी में ही छूट गया था। इसके बाद अक्टूबर में जब उसने आरोपी से संपर्क कर अपना सामान वापस मांगा, तो आरोपी ने चंडीगढ़ आने पर सामान लौटाने की बात कही। पीड़िता के अनुसार, नवंबर 2025 में आरोपी ने उसे फोन कर कहा कि वह शिमला में है और वह वहीं आकर अपना सामान ले जाए। जब पीड़िता शिमला पहुंची, तो आरोपी ने उसे शादी का झांसा दिया। धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और आरोपी ने शादी का भरोसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने मार्च 2026 में शादी करने का वादा किया था और तारीख भी तय कर दी गई थी, लेकिन तय दिन पर वह शादी के लिए नहीं पहुंचा।

चंडीगढ़

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

05 मंगलवार, 31 मार्च 2026



पेज 11 डेराबस्सी के गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल में...

# चंडीगढ़ में विकास कार्यों को मिली रफ्तार: F&CC ने करोड़ों के प्रोजेक्ट्स को दी मंजूरी

चंडीगढ़/यूटर्न/30 मार्च। चंडीगढ़ नगर निगम की फाइनेंस एंड कॉन्ट्रैक्ट कमेटी (F&CC) की बैठक में शहर के विकास को लेकर कई बड़े फैसले लिए गए। मेयर सौरभ जोशी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में शहरभर में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए करोड़ों रुपये के विकास कार्यों को मंजूरी दी गई। बैठक में नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी और समिति सदस्य मौजूद रहे। कमेटी ने सड़कों की मरम्मत, पावर ब्लॉक बिछाने, सीवरेज और स्टॉर्म वाटर सिस्टम को मजबूत करने, मार्केट अपग्रेडेशन, स्ट्रीट लाइट्स लगाने और पार्कों के सौंदर्यीकरण जैसे कई अहम प्रोजेक्ट्स को हरी झंडी दी। सेक्टर-20, 34, 35, 43, 45, 37, 38 और धनास, मौली जागरां जैसे इलाकों में सड़कों, फुटपाथों और ड्रेनेज सिस्टम को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया गया है।



इसके अलावा सेक्टर-31 स्थित जापानी गार्डन में फाउंटेन लगाने, सेक्टर-15 और 44 में ग्रीन बेल्ट में हाई मास्ट लाइट्स लगाने, सेक्टर-37 में मॉडल वेंडिंग जोन बनाने और मौली जागरां में कम्युनिटी सेंटर के नवीनीकरण जैसे प्रस्ताव भी पास किए गए। दिव्यांगों के लिए सुविधाएं बढ़ाने और सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए भी कई योजनाओं को मंजूरी मिली। नगर निगम का कहना है कि इन विकास कार्यों के पूरा होने से शहर की आधारभूत सुविधाएं मजबूत होंगी और लोगों को बेहतर नागरिक सेवाएं मिल सकेंगी।

## जीरकपुर की सड़कों का बुरा हाल, अधूरा मरम्मत कार्य बना हादसों की वजह

जीरकपुर/यूटर्न/30 मार्च। शहर की प्रमुख सड़कों की हालत लगातार खराब होती जा रही है और अब यह समस्या लोगों की जान पर भारी पड़ने लगी है। जगह-जगह गहरे खड्डे, उखड़ी हुई सड़कें और अधूरा पड़ा मरम्मत कार्य वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को झेलनी पड़ रही है, जो आए दिन फिसलकर हादसों का शिकार हो रहे हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) इस गंभीर समस्या की ओर पूरी तरह उदासीन बना हुआ है। करीब 20 दिन पहले सड़क मरम्मत का कार्य शुरू किया गया था, जिससे लोगों को राहत की उम्मीद जगी थी। शुरूआती



दिनों में मशीनें और मजदूर काम करते नजर आए, लेकिन कुछ ही समय बाद कार्य अचानक बंद कर दिया गया। अब हालात यह हैं कि सड़कें पहले से भी ज्यादा खतरनाक हो चुकी हैं। कई स्थानों पर सड़क की ऊपरी परत पूरी तरह उखड़ चुकी है, जिससे गहरे खड्डे बन गए हैं। इन खड्डों में बारिश का पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है, जो दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बन रहा है। खासकर रात के समय और तेज रफ्तार में वाहन चलाने वालों के लिए यह स्थिति बेहद खतरनाक साबित हो रही है।

दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह समस्या सबसे ज्यादा गंभीर बनी हुई है। फिसलन भरी सड़कों के कारण बाइक और स्कूटर सवार संतुलन खो रहे हैं और गिरकर घायल हो रहे हैं। कई लोग चोटिल हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## 116 करोड़ के फर्जी एफडी घोटाले में शिकंजा कसता जा रहा, अकाउंट अफसर नलिनी मलिक फरार; करनाल में पुलिस की दबिश

चंडीगढ़/यूटर्न/30 मार्च। चंडीगढ़ नगर निगम और क्रेस्ट से जुड़े बहुचर्चित करोड़ों रुपये के वित्तीय घोटाले में जांच ने अब तेज रफ्तार पकड़ ली है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट से जुड़ी अकाउंट अफसर नलिनी मलिक की तलाश में टीम ने हरियाणा के करनाल में छापेमारी की, लेकिन वह मौके से फरार मिली। आशंका जताई जा रही है कि वह किसी रिश्तेदार के घर छिपी हुई थी, जहां पुलिस ने दबिश देकर आसपास के लोगों से




पूछताछ की। जांच एजेंसियों के रडार पर यह मामला तब आया जब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक से जुड़े लेनदेन में अनियमितताओं के संकेत मिले। नगर निगम में करीब 116.84 करोड़ रुपये की फर्जी एफडी और क्रेस्ट में लगभग 75.16 करोड़ रुपये के कथित घोटाले ने प्रशासनिक तंत्र में हड़कंप मचा दिया है। सूत्रों के अनुसार, प्रोडक्शन वारंट पर लाए गए आरोपियों से पूछताछ के दौरान कई अहम खुलासे हुए हैं। जांच में कुछ बड़े अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है, जिन पर फर्जी कंपनियों और बैंक खातों के माध्यम से सरकारी धन के हेरफेर के आरोप लगे हैं। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की परतें खोलने में जुटी है और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।




## फाइनेंसर की कार का शीशा तोड़कर कैश से भरा बैग चुराया

लुधियाना/यूटर्न/30 मार्च। दुगरी फेस-1 की मार्केट में पार्क की हुई फाइनेंसर की कार का शीशा तोड़कर चोर बैग चोरी करके ले गए। कार मालिक मुताबिक बैग में 97 हजार रुपए की नकदी



और चैक थे। पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मामले की सूचना मिलने पर थाना दुगरी की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने फुल्लांवाल की मोती बाग कॉलोनी के रहने वाले जॉनसन की शिकायत लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक जॉनसन फाइनेंस का कारोबार करते हैं रविवार को अपने उन दोस्तों के साथ दुगरी फेस-1 मार्केट आए थे। दोपहर करीब ढ़ाई बजे उन्होंने अपनी वर्ना कार मार्केट में पार्क की और पास ही स्थित प्रीतम प्यारे रेस्टोरेंट में खाना खाने चले गए। थोड़ी देर बाद वह वापिस लौटे तो देखा कि कार का शीशा टूटा हुआ था और अंदर पड़ा बैग गायब था। सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि एक बाइक सवार युवक द्वारा इस वारदात को अंजाम दिया गया है।

## चंडीगढ़ हॉर्टिकल्चर वर्कर्स यूनियन ने एस.डी.ओ का सेक्टर 23 में किया स्वागतम



पुनीत महाजन

चंडीगढ़/यूटर्न/30 मार्च। आज हॉर्टिकल्चर वर्कर्स यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल नव नियुक्त एस.डी.ओ. श्री स्वतंत्र सिंह से मिला तथा उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर एस.डी.ओ. श्री स्वतंत्र सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि हम सभी मिलकर विभाग को और बेहतर बनाएंगे तथा चंडीगढ़ शहर को और अधिक सुंदर बनाने के लिए कार्य करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में राजा राम, कमल कुमार, छांगा सिंह, माम राज, अल्लादीन एवं काली चरण शामिल रहे।

Uturn Time 31 Mar 2026_Layout 2 30-03-2026 23:04 Page 6




# इंसाफ की मांग को लेकर किसानों का प्रदर्शन, सीएम का पुतला फूंका

## कर्ज माफी और जमीन नीलामी रोकने की उठाई मांग, आंदोलन तेज करने की चेतावनी



डेराबस्सी/यूटर्न/30 मार्च। इंसाफ की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और बीकेयू एकता सिद्धूपुर के आह्वान पर किसानों ने पंजाब भर में जमीन मॉर्गेज बैंकों के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने भगवंत सिंह मान का पुतला फूंककर सरकार के खिलाफ रोष जताया। किसान नेताओं ने बताया कि फरीदकोट जिले के गांव हरी नौ में दो सगे भाइयों को कथित तौर पर आत्महत्या के लिए मजबूर किए जाने के मामले में यह प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों की अगुवाई जिला प्रधान जसविंदर सिंह टिवाणा, ब्लॉक कन्वीनर जसपाल सिंह भांखरपुर, मनजीत सिंह, प्रेम सिंह राणा, गुरचरण सिंह, जगतार सिंह पंडवाला और जसवंत सिंह आलमगीर ने की। किसानों ने मांग की कि मृतक किसानों के सभी कर्ज तुरंत माफ किए जाएं और उनके परिवारों, खासकर उनकी दो जवान बेटियों के भविष्य के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

## रूह से रूबरू






चारू नागपाल

### जिंदगी की खूबसूरती तो इसी में है।

जिंदगी छोटी नहीं होती, बल्कि हम उसे जीना ही देर से शुरू करते हैं। बचपन में हम बड़े होने की जल्दी में रहते हैं, और जब बड़े हो जाते हैं तो बचपन की मासूमियत को याद करते हैं। इसी भाग-दौड़ में हम जिंदगी के असली मायने समझ ही नहीं पाते। हम भविष्य की चिंताओं और अतीत की यादों में उलझे रहते हैं, जबकि वर्तमान को पूरी तरह जीना भूल जाते हैं।

जब तक हमें यह समझ आता है कि खुशी छोटी-छोटी चीजों में छिपी होती है, तब तक समय बहुत आगे निकल चुका होता है। हम रिश्तों की अहमियत, अपने सपनों की कीमत और अपने हर दिन के महत्व को देर से समझते हैं। और फिर एक समय ऐसा आता है जब हमें लगता है कि जिंदगी बहुत छोटी है, जबकि सच्चाई यह होती है कि हमने उसे सही समय पर जीना ही शुरू नहीं किया। इसलिए जरूरी है कि हम हर पल को पूरी तरह जिएं, अपने प्रियजनों के साथ समय बिताएं और अपनी खुशियों को टालें नहीं। जिंदगी की खूबसूरती इसी में है कि

हम उसे हर दिन महसूस करें, क्योंकि सही मायनों में जीना ही जिंदगी को लंबा और खूबसूरत बनाता है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**Temporary Injunction और Permanent Injunction में क्या अंतर है?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

संपत्ति और सिविल विवादों में अक्सर अदालत से 'रोक' (Injunction) माँगी जाती है। लेकिन Injunction दो प्रकार की होती है— Temporary (अस्थायी) और Permanent (स्थायी)— और दोनों का उद्देश्य व प्रभाव अलग होता है।

Temporary Injunction मुकदमे के दौरान दी जाती है। इसका उद्देश्य यह होता है कि अंतिम निर्णय आने तक स्थिति न बिगड़े। उदाहरण के लिए, यदि किसी जमीन पर विवाद चल रहा है, तो अदालत अस्थायी रूप से निर्माण या बिक्री पर रोक लगा सकती है। यह आदेश सीमित समय के लिए होता है और केस के निपटारे तक लागू रहता है।

Temporary Injunction देने से पहले अदालत तीन बातों पर विचार करती है—

- Prima Facie Case (पहली नजर में मामला बनता है या नहीं)
- Balance of Convenience (किस पक्ष को ज्यादा नुकसान होगा)
- Irreparable Loss (क्या नुकसान अपूरणीय है)

इसके विपरीत Permanent Injunction अंतिम निर्णय के साथ दी जाती है। इसमें अदालत स्थायी रूप से किसी कार्य को करने या न करने का आदेश देती है। जैसे—किसी व्यक्ति को हमेशा के लिए किसी संपत्ति में हस्तक्षेप करने से रोका जा सकता है।

Temporary Injunction अस्थायी सुरक्षा है, जबकि Permanent Injunction अंतिम अधिकार का निर्धारण करती है।

निष्कर्ष: Temporary Injunction मुकदमे के दौरान संतुलन बनाए रखती है, जबकि Permanent Injunction अंतिम समाधान देती है। दोनों का उद्देश्य अलग है, लेकिन दोनों न्यायिक संरक्षण के महत्वपूर्ण साधन हैं।

# PGIMER में 14वीं AMRIT फार्मेसी शुरू, सस्ती दवाओं से मरीजों को बड़ी राहत

## AMRIT पहल बनी मरीज देखभाल की रीढ़: प्रो. विवेक लाल

अशोक सहगल



चंडीगढ़/यूटर्न/30 मार्च। PGIMER में मरीजों को किफायती उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए 14वीं AMRIT फार्मेसी का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक Prof. Vivek Lal ने AMRIT को 'मरीज देखभाल को मजबूती देने वाला महत्वपूर्ण स्तंभ' बताया।

उन्होंने कहा कि Ayushman Bharat 4×4 व्हील ड्राइव की तरह कार्य करता है, जो भारी संख्या में मरीजों के उपचार को संभालने में मदद करता है, जबकि AMRIT (AffordÔble Medicines and Reliable Implants for Treatment) फार्मेसी किफायती दवाइयां उपलब्ध कराकर इसकी रीढ़ का काम करती है। नेहरू एक्सटेंशन ब्लॉक में स्थापित इस नई सुविधा के साथ पीजीआईएमईआर देश का ऐसा सार्वजनिक संस्थान बन गया है, जहां AMRIT फार्मेसी की सबसे अधिक संख्या मौजूद है। कार्यक्रम में डीन, वरिष्ठ चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ और प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। प्रो. विवेक लाल ने कहा कि हर मरीज गुणवत्तापूर्ण और सस्ती चिकित्सा का हकदार है, और AMRIT के माध्यम से मानक कंपनियों की दवाइयां रियायती दरों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में 14 आउटलेट संचालित हैं और जल्द ही 2-3 और केंद्र खोले जाएंगे। साथ ही, आपातकालीन और कार्डियोलॉजी जैसे विभागों में 247 AMRIT सुविधाएं भी शुरू की जा रही हैं।

# स्वास्थ्य विभाग द्वारा आखिरी ओवर में चौके छक्के

अशोक सहगल



लुधियाना, यूटर्न 30 मार्च। लगभग सारा महीना आराम करने के बाद आज स्वास्थ्य विभाग की सेफ्टी टीम ने विभिन्न इलाकों से 21 सैंपल लेकर उन्हें जांच के लिए भेजा है इससे पहले गत सप्ताह टीम ने 11 सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे थे इस सिलसिले में आज जिला स्वास्थ्य विभाग की फूड सेफ्टी टीम द्वारा ढंडारी, मॉडल टाउन, डुगरी, जौधी, शेरपुर चौक के इलाके में अलग-अलग फास्ट फूड आउटलेट और रेस्टोरेंट, बेकरी, मिठाई की दुकानों और डेयरियों तथा इलाके में पढ़ने वाले अस्पतालों का इंस्पेक्शन किया है।

# जर्मनी भेजने के नाम पर 15 लाख की ठगी, दो के खिलाफ केस दर्ज

## इमिग्रेशन कारोबारी बनकर किया झांसा, पासपोर्ट-वीजा दिलाने का दिया था भरोसा

जीरकपुर/यूटर्न/30 मार्च। ढकोली के स्वामी एनक्लेव निवासी प्रदीप गुप्ता से जर्मनी भेजने और वहां वर्क परमिट दिलवाने के नाम पर 15 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। जीरकपुर थाना पुलिस ने मोहाली सीआईए स्टाफ की जांच के बाद पटियाला के नाभा निवासी मुनीश बत्ता और हरियाणा के यमुनानगर निवासी राजीव अरोड़ा के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316(2) और 318(4) के तहत केस दर्ज किया गया है।

पीड़ित प्रदीप गुप्ता ने एसएसपी मोहाली को दी शिकायत में बताया कि करीब छह महीने पहले उसकी मुलाकात दोनों आरोपियों से हुई थी, जिन्होंने खुद को इमिग्रेशन कारोबारी बताया। आरोपियों ने उसे भरोसा दिलाया कि वे उसका पासपोर्ट बनवाकर, वीजा और वर्क परमिट लगवाकर जर्मनी भेज देंगे। इसके लिए कुल 22 लाख रुपए में सौदा तय हुआ था।

पीड़ित के अनुसार यह डील जून 2025 में हुई थी और आरोपियों ने दो महीने के भीतर पूरा काम करने का आश्वासन दिया था। उनकी मांग पर उसने पहली किस्त के रूप में 5 लाख रुपए नकद मेट्रो मॉल जीरकपुर के पास दिए। इस दौरान सिंहपुरा निवासी जॉनी सिंह गवाह के तौर पर मौजूद था।

इसके कुछ दिनों बाद आरोपियों ने दोबारा पैसे मांगे, जिस पर प्रदीप गुप्ता ने जॉनी सिंह की मौजूदगी में ही 10 लाख रुपए की दूसरी किस्त भी नकद दे दी। आरोपियों ने भरोसा दिलाया था कि बाकी 7 लाख रुपए का भुगतान पासपोर्ट, वीजा और वर्क परमिट मिलने के बाद किया जाएगा।

लेकिन तय समय बीतने के बावजूद आरोपियों ने न तो पासपोर्ट उपलब्ध कराया और न ही वीजा। लगातार टालमटोल के बाद पीड़ित को अपने साथ ठगी का एहसास हुआ, जिसके बाद उसने पुलिस से शिकायत की।

सीनियर पुलिस अधिकारियों के आदेश पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# कांग्रेसी नेता की सरेआम कुल्हाड़ी से कई वार कर की हत्या, प्रॉपर्टी विवाद में वारदात

लुधियाना/यूटर्न/30 मार्च। प्रॉपर्टी विवाद के कारण माछीवाड़ा के गांव तखरा में कांग्रेस ब्लॉक प्रधान परमिंदर तिवारी की दो बदमाशों द्वारा सरेआम सिर में कुल्हाड़ी से कई वार कर हत्या कर दी गई। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने लाश कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दी है। हालांकि अभी परिवार द्वारा पोस्टमार्टम के लिए सहमति नहीं जताई गई है। पुलिस ने गांव तखरा के ही विजय व एक अन्य व्यक्ति खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना की सूचना मिलते ही सांसद राजा वड़िंग मौके पर पहुंचे। जिन्होंने लॉ एंड ऑर्डर के खिलाफ सवाल उठाए। जानकारी के अनुसार परमिंदर तिवारी रविवार शाम साढ़े 6 बजे गांव के बस स्टैंड नजदीक अपने क्वार्टरों पर कुर्सी पर बैठे हुए थे। इसी दौरान दो लोग आए। उन्होंने पीछे से सिर पर कुल्हाड़ी से वार किए। जिससे वह जमीन पर गिर पड़े। आरोपी वहीं पर कुल्हाड़ी छोड़कर भाग गए। परिवार वालों ने उन्हें माछीवाड़ा के सिविल अस्पताल पहुंचाया। हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उन्हें फोर्टिस अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। तिवारी संत बाबा सुंदरदास मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मालिक थे।



## पंचायती जमीन छुड़वाने पर की वारदात

वहीं परिवार वालों का कहना है कि यह हत्या प्रॉपर्टी विवाद में हुई। गांव के ही विजय कुमार ने पंचायत की जमीन पर कब्जा किया था, जिसे तिवारी और गांव के सरपंच ने छुड़वाया था। इसी रंजिश में विजय ने उनकी हत्या की।

## जमीनी विवाद के कारण हुई हत्या

एडीसीपी जशनदीप सिंह गिल ने बताया कि तिवारी की हत्या प्रॉपर्टी विवाद में हुई। इस वारदात को विजय कुमार ने अंजाम दिया। पंचायत की जमीन पर विजय कुमार ने कब्जा किया था, जिसे तिवारी और गांव के सरपंच ने छुड़वाया था। इसी रंजिश में विजय ने उनकी हत्या की।

# मुफ्त दवाई व पढ़ाई आम आदमी पार्टी सरकार का एकमात्र लक्ष्य - बग्गा

लुधियाना/यूटर्न/30 मार्च। विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने वार्ड 94 स्थित भगत सिंह कालोनी में नए बने आम आदमी क्लिनिक का लोकार्पण स्थानीय लोगों की मौजूदगी में किया। इस क्लिनिक में एमबीबीएस डाक्टर व योग्य प्रशिक्षित स्टाफ मरीजों की जांच करेंगे। मुफ्त टैस्ट की सुविधा के साथ-साथ निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर पार्षद अमन बग्गा, सिविल सर्जन डा.रमनदीप कौर, पार्षद प्रतिनिधि अशोक कुमार भी उपस्थित रहे। विधायक बग्गा ने आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल के सपनों को साकार करने के लिए पंजाब सरकार की तरफ से खोले जा आम आदमी क्लिनिको की जानकारी देते हुए कहा कि इसी कड़ी के तहत भगत सिंह कालोनी में यह सुविधा जनमानस के लिए शुरू हुई है। राज्य सरकार का मकसद आम आदमी पार्टी का एक मात्र लक्ष्य हर नागरिक तक मुफ्त दवाई व मुफ्त पढ़ाई का लाभ पंहुचाना है। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के जिला, ब्लाक, वार्ड स्तर के पदाधिक्कारी व स्थानीय निवासी भी उपस्थित रहे।



# मनदीप सिद्धू को अकाली दल वारिस पंजाब दे का प्रधान सचिव नियुक्त किया

लुधियाना/यूटर्न/30 मार्च। दीप सिद्धू के भाई मनदीप सिंह सिद्धू को अकाली दल वारिस पंजाब दे का प्रधान सचिव बनाए जाने पर पार्टी नेताओं ने हाईकमान का धन्यवाद प्रकट किया है। यहां जारी एक बयान में वरिष्ठ पार्टी नेता राजीव कुमार लवली, एडवोकेट इंद्रजीत सिंह, जसबीर सिंह लुधियाना और गुरप्रीत सिंह प्रिंस ने कहा कि मनदीप सिंह सिद्धू को प्रधान सचिव नियुक्त किए जाने से पार्टी को काफी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा मालवा, दोआबा और माझा क्षेत्रों में लगातार लोगों को जोड़ा जा रहा है। कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है और लोग 2027 में अकाली दल वारिस पंजाब दे को एक विकल्प के रूप में देख रहे हैं। पार्टी नेताओं ने अकाली दल वारिस पंजाब दे के सरपरस्त और सांसद भाई अमृतपाल सिंह खालसा के पिता बापू तरसेम सिंह, लुधियाना के ऑब्जर्वर प्रितपाल सिंह बटाला, सांसद सरबजीत सिंह खालसा और परमजीत सिंह समेत पूरे पार्टी हाईकमान का धन्यवाद किया।



# 94 हजार नशा तस्करों की गिरफतारी के दावे विश्वसनीय नहीं - रमेश जोशी

लुधियाना/यूटर्न/30 मार्च। पंजाब लार्ज इंडस्ट्रियल डिवैल्पमैंट बोर्ड के पूर्व सीनीयर वाइस चैयरमैन व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रमेश जोशी ने पंजाब सरकार की तरफ से युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के तहत 94 हजार नशा तस्करों को गिरफ्तार करने के दावों पर सवालिया निशान लगाए। जोशी ने कहा पंजाब सरकार विज्ञापनों में नशा खत्म करने के बड़े-बड़े दावे कर रही है। विज्ञापनों के माध्यम से सरकारी आंकड़ो के दावों के अनुसार 94 हजार नशा तस्करों को गिरफ्तार करने पर राज्य सरकार से सवाल करते हुए जोशी ने कहा सरकार व्हाइट पेपर जारी कर सार्वजनिक करे की इतनी बड़ी गिनती में गिरफ्तार नशा तस्कर राज्य की किस जेल में रखे है। अगर इतनी बड़ी गिनती में नशा तस्कर सरकार ने गिरफ्तार किए हैं तो पंजाब की धरती से नशा खत्म क्यों नहीं हो रहा।




# एबीसी मैजिकल वर्ल्ड प्रीस्कूल में मनाया ग्रेजुएशन समारोह

लुधियाना/यूटर्न/30 मार्च। एबीसी मैजिकल वर्ल्ड प्रीस्कूल, काकोवाल रोड शाखा, लुधियाना में बहुप्रतीक्षित ग्रेजुएशन समारोह बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम नन्हे विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्रा के एक महत्वपूर्ण पड़ाव का प्रतीक था, क्योंकि वे अब अपने जीवन के अगले शैक्षणिक चरण में प्रवेश करने के लिए तैयार हैं। समारोह रंगारंग प्रस्तुतियों, खुशियों भरे पलों और गर्व भरी मुस्कानों से भरपूर रहा। अभिभावकों और अतिथियों ने बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। एबीसी मैजिकल वर्ल्ड के संस्थापक और सीईओ, अमनप्रीत सिंह अरोड़ा ने नन्हे ग्रेजुएट्स को हार्दिक बधाई दी।







# चंडीगढ़ प्रेस क्लब चुनाव: सौरभ दुग्गल दोबारा बने प्रधान, राजेश ढल्ल ने महासचिव पद पर कायम रखी पकड़



चंडीगढ़/यूटर्न/30 मार्च। चंडीगढ़ प्रेस क्लब के चुनावों में एक बार फिर अनुभव और संगठनात्मक पकड़ का असर देखने को मिला। रविवार को हुए मतदान में सौरभ दुग्गल ने लगातार दूसरी बार प्रधान पद पर जीत दर्ज कर अपनी मजबूत स्थिति साबित की, जबकि राजेश ढल्ल ने महासचिव पद पर दोबारा जीत हासिल कर अपनी पकड़ बरकरार रखी।


कुल 9 पदों के लिए हुए इस चुनाव में दुग्गल-ढल्ल-शर्मा पैनल ने 5 सीटें जीतकर बढ़त बनाई, वहीं सूरा-भुल्लर-अटवाल पैनल को 4 सीटों से संतोष करना पड़ा। अन्य पदों पर भी दिलचस्प मुकाबले देखने को मिले, जहां उमेश शर्मा सीनियर वाइस प्रेसिडेंट चुने गए। वाइस प्रेसिडेंट-1 के रूप में आरती अग्निहोत्री और वाइस प्रेसिडेंट-2 के रूप में अजय जालंधरी ने जीत दर्ज की। इसके अलावा प्रभात कटियार सचिव, जगतार भुल्लर कैशियर, बृजेंद्र गौड़ जॉइंट सेक्रेटरी-1 और पवन तिवारी जॉइंट सेक्रेटरी-2 चुने गए। चुनाव में कुल 628 सदस्यों ने मतदान कर सक्रिय भागीदारी दिखाई। पूरी चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिकारी विशाल गुलाटी की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई, जिसमें पत्रकारों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति उत्साह दिखाया।






# ई-रिक्शा और बाइक की टक्कर, मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति हुआ जख्मी

जालंधर/यूटर्न/30 मार्च। जालंधर के पीएपी चौक के पास ई-रिक्शा और बाइक सवार की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मनोज कुमार नाम के



व्यक्ति, जो रामा मंडी क्षेत्र में मिलिट्री बूट बनाने का काम करते हैं, अपने काम से वापस घर बस्ती पीर दाद की ओर जा रहे थे। जब वे पीएपी चौक के पास पहुंचे, तो अचानक एक ई-रिक्शा चालक ने बिना इंडिकेटर दिए रिक्शा अचानक क्रॉस कर दी। इस हादसे में मनोज कुमार को हाथों और शरीर के अन्य हिस्सों पर मामूली चोटें आयी है। वह अपना रिक्शा लेकर तुरंत मौके से फरार हो गया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया है कि इस इलाके में अक्सर ट्रैफिक पुलिस तैनात रहती है, लेकिन हादसे के समय कोई भी मौजूद नहीं था। पीड़ित ने अभी तक पुलिस में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

# एकमा की 39वीं एजीएम सम्पन्न, ऋषि दूसरी बार बने संस्था के प्रधान

## अलग अलग विचार धारा के चलते तीन युवा मैंबरों ने एक साल पहले ही छोड़ दी थी सदस्यता

लुधियाना/यूटर्न/30 मार्च। ऑल इंडिया साइकिल्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एकमा) की 39वीं AGM इस बार सिर्फ एक औपचारिक बैठक बन कर रह गई। बैठक में हुए निर्णय सार्वजनिक होते ही साइकिल उद्योग की 'आंतरिक राजनीति' भी खुलकर सामने आ गई।

बैठक में प्रधान आदित्य मुंजाल की अनुपस्थिति में वाइस प्रेजिडेंट ऋषि पाहवा ने अध्यक्षता की और बाद में सर्वसम्मति से उन्हें दूसरी बार अध्यक्ष चुन लिया गया। वहीं टी आई साईकिल के राजगोपाल व को 2026-28 के लिए उपाध्यक्ष बनाया गया। दोनों आगामी दो साल के लिए संस्था का कार्यभार संभालेंगे।

हालांकि AGM के मंच पर जहां 'सेफर साइकिल्स, स्ट्रांगर इंडस्ट्री' और पांच बड़े एजेंडे पेश किए गए, वहीं बैकग्राउंड में संगठन की संरचना और प्रतिनिधित्व को लेकर सवाल उठने लगे हैं। वर्तमान में अक्लटअ में 15 सदस्य बताए जा रहे हैं, जिनमें 9 कोर और 6 एडवाइजरी सदस्य शामिल हैं। राल्सन इंडिया और हार्टेक्स जैसी टायर कंपनियों को कोर ग्रुप में शामिल किया गया है। जबकि अन्य तीन कोर मैम्बर भी बड़ी कंपनियों की सहयोगी कंपनियां ही है।



### 4 कंपनियों तक सिमट कर रह गई एकमा : कपूर

लेकिन इसी बीच युवा कम्पनी एसके बाइक्स के डायरेक्टर राजेश कपूर ने हैरानी जनक बयान देते हुए कहा कि उन्होंने मार्च 2025 में ही संगठन छोड़ दिया था। उनके साथ सेठ इंडस्ट्रियल और विशाली साईकिल ने भी सदस्यता छोड़ दी। जिसकी वजह उनकी और मौजूदा कंपनियों की विचार धारा और आइडियोलॉजी में बड़ा फर्क रहा। इसके इलावा एटलस भी बंद के बराबर है। उनके अनुसार, 'AICMA अब केवल 4 प्रमुख साइकिल कंपनियों तक सिमट गई है, जहां पदों का बंटवारा आपसी सहमति से होता है।' कपूर ने बताया की सदस्यता के नाम पर संस्था में कई पार्ट्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों को सिर्फ 'आई-वॉश' के लिए एडवाइजरी स्तर तक सीमित रखा गया है। ऐसे में जहां एक ओर अक्लटअ उद्योग को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने की बात कर रही है, वहीं दूसरी ओर संगठन के भीतर प्रतिनिधित्व और पारदर्शिता को लेकर उठते सवाल आने वाले समय में बड़ा मुद्दा बन सकते हैं।

# सैणी समाज ने सुखबीर बादल को सौंपा ज्ञापन

- डेराबस्सी में कब्जे को लेकर बढ़ा विवाद, संघर्ष जारी रखने की चेतावनी

डेराबस्सी/यूटर्न/30 मार्च। ऑल इंडिया सैणी यूथ फेडरेशन, सैणी भवन संघर्ष कमेटी और समूचे सैणी समाज डेराबस्सी के प्रतिनिधिमंडल ने शिरोमणि अकाली दल के प्रधान Sukhbir Singh Badal से मुलाकात कर सैणी भवन से नगर काउंसिल का दफ्तर हटाने की मांग उठाई। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें एक विस्तृत मांग पत्र सौंपते हुए भवन पर किए गए कथित अवैध कब्जे को तुरंत खाली करवाने की अपील की। प्रतिनिधिमंडल के नेताओं ने बताया कि



वर्ष 1998 में गांव माधोपुर के किसानों द्वारा गरीब और जरूरतमंद लोगों के सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों के लिए सैणी भवन का निर्माण कराया गया था। आरोप है कि दिसंबर 2021 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार के दौरान मरम्मत का बहाना बनाकर नगर काउंसिल का दफ्तर यहां शिफ्ट कर दिया गया, जिससे सैणी समाज की भावनाओं को ठेस पहुंची।


### गरीब वर्ग को हो रही परेशानी

सैणी समाज के प्रतिनिधियों हरिंद सिंह हनी ने कहा कि पहले इस भवन में गरीब परिवार अपने बच्चों के विवाह, भोग व अन्य कार्यक्रम करते थे, लेकिन अब नगर काउंसिल का दफ्तर बनने से हजारों लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि डेराबस्सी क्षेत्र के करीब एक लाख सैणी समाज के लोगों की भावनाएं इस भवन से जुड़ी हुई हैं। मुलाकात के दौरान सुखबीर सिंह बादल ने सैणी समाज की मांगों को गंभीरता से सुना। प्रतिनिधिमंडल ने उम्मीद जताई कि पंजाब में अगली सरकार बनने पर इस मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा और सैणी भवन को समाज सेवा के लिए दोबारा बहाल किया जाएगा।

### संघर्ष जारी रखने का ऐलान

सैणी भवन संघर्ष कमेटी के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक सैणी भवन का अधिकार वापस नहीं मिलता, उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर सैणी समाज के गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

# समस्त सुखों की चाबी ईशान कोण में छुपी है-डॉ भूपेंद्र वास्तुशास्त्री



होशियारपुर/यूटर्न/30 मार्च। वैदिक वास्तु में दैविक शक्ति ,गूढ़ रहस्यों ,सकारात्मक ऊर्जा ,दिव्य ऊर्जा ,पवित्रता ओर संवेदनशीलता का स्त्रोत माना जाता है ।ज्ञान ,बुद्धि ,चेतना ,धर्म एवं अध्यात्म की कारक दिशा जिसका की भगवान शिव प्रतिनिधित्व करते हैं ।देव गुरु बृहस्पति के अधीनस्थ,जल तत्व प्रधान दिशा समस्त सुखों का कारक भी मानी जाती है ऐसा मानना है अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वास्तुविद एवं लेखक डॉ भूपेन्द्र वास्तुशास्त्री का ।मानव जीवन की सभी नव चेतनाओं,धार्मिक, सामाजिक, मानसिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, शैक्षणिक और समस्त निर्णायक गतिविधियों,संतान सुख,शिक्षा,स्वास्थ्य ,विकास एव ईश्वरीय कृपा इसी कोण से प्राप्त होती है ।ईशान कोण के वास्तु दोष उपरोक्त सभी मानव जीवन से परे कर देते हैं !ईशान कोण में शोचालय,भारी निर्माण ,ईशान का धट जाना गंभीर वास्तुदोषों में शामिल होते है । ईशान कोण को साफ सुथरा,हल्का,पवित्र रखना चाहिए साथ ही आंवले की लकड़ी के मंडपनुमा (परगोला) आकृति का निर्माण करके घटे हुए ईशान कोण के वास्तु दोष कम किए जा सकते हैं ।ईशान कोण को दोष मुक्त रख कर हम समस्त सुखों की प्राप्ति कर सकते हैं ।

Uturn Time 31 Mar 2026_Layout 2 30-03-2026 23:04 Page 9



# बरसाती पानी की समस्या से राहत – ₹2.47 करोड़ का प्रोजेक्ट शुरू

## लोगों को मिलेगी बड़ी राहत - अड्डा झुग्गियां में स्टॉर्म सीवर कार्य शुरू




जीरकपुर/यूटर्न/30 मार्च। जीरकपुर शहर में विकास कार्य लगातार जारी हैं और लोगों की बुनियादी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। इसी कड़ी में हलका विधायक श्री कुलजीत सिंह रंधावा द्वारा नगर काउंसिल जीरकपुर के वार्ड नंबर 24, गांव अड्डा झुग्गियां में ₹2 करोड़ 47 लाख 67 हजार की लागत से 2.5 किलोमीटर लंबे स्टॉर्म सीवर प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया गया। इस प्रोजेक्ट से क्षेत्र में बरसात के दौरान जलभराव की वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान होगा। स्थानीय निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी और इलाके की सफाई तथा स्वास्थ्य स्तर में भी सुधार आएगा।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने इस क्षेत्र के विकास की ओर कोई ठोस ध्यान नहीं दिया और लोगों को बुनियादी सुविधाओं के लिए भी परेशान होना पड़ा। अब वर्तमान सरकार 'कहनी नहीं, करनी' के सिद्धांत पर काम करते हुए हर समस्या का समाधान कर रही है। उन्होंने आगे बताया कि हलके में सड़कों, सीवरेज, पीने के पानी और अन्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए कई बड़े प्रोजेक्ट लाए जा रहे हैं। आने वाले समय में जीरकपुर को एक सुविधाजनक और आधुनिक शहर के रूप में विकसित किया जाएगा। अंत में उन्होंने भरोसा दिलाया कि लोगों की सेवा और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए यह प्रयास लगातार जारी रहेंगे। इस मौके पर नगर काउंसिल के अधिकारी, पार्टी कार्यकर्ता तथा गांव के निवासी भी उपस्थित रहे।

# रामदरबार में दिनदहाड़े स्नैचिंग: शिव मंदिर के पास युवक से नकदी व चांदी की चेन छीनी, आरोपी फरार

चंडीगढ़/यूटर्न/30 मार्च। चंडीगढ़ में अपराध की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला रामदरबार फेज-2 का है, जहां शिव मंदिर के पास दिनदहाड़े स्नैचिंग की वारदात को अंजाम दिया गया। सेक्टर-31 थाना पुलिस ने इस संबंध में एफआईआर नंबर 52 दर्ज कर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता अनुज कुमार, निवासी डेरा बस्सी (पंजाब), ने पुलिस को बताया कि 28 मार्च 2026 को वह शिव मंदिर के पास मौजूद थे, तभी एक अज्ञात बदमाश उनके पास आया और उनसे 1100 रुपये नकद, आधार कार्ड व पैन कार्ड की फोटोकॉपी और एक चांदी की चेन छीनकर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और स्थानीय लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

Best Wishes on BHAGWAN MAHAVIR JAYANTI
OSWAL ENTERPRISES
2585/2-C, Jagat Nagar, Sunder Nagar, Ludhiana
PH.: (O) 5036086, 2620090, 5036087 (M) : 98140-24419, E-mail : oswal.enterprises@yahoo.com
YOGENDERA WORSTED LTD.
SHIVA TEX FABS. LTD.
SPORTKING INDIA LTD.
OSTER KNIT INDIA
MILL'S AUTHORISED DEALER
TEXAS WOOLLEN MILLS
JAINSON WOOL COMBERS PVT. LTD
INDIAN ACRYLIC LTD
REDA ASSOCIATES LTD.
PARAMOUNT SYNTEX PVT. LTD.

Rajeev Jain Dicky

# सुषमा बिल्डर पर संकट गहराया: आत्महत्या केस में नाम आने से बढ़ा दबाव, मोहाली में फ्लैटधारकों का जोरदार प्रदर्शन



जीरकपुर/यूटर्न/30 मार्च। मोहाली के जीरकपुर स्थित सुषमा बिल्डर की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। एक ओर पंजाब के कांग्रेस नेता सुखराज नत्त के बेटे दविंदर नत्त की आत्महत्या मामले में बिल्डर का नाम सामने आने से जांच का दायरा बढ़ गया है, वहीं दूसरी ओर उनकी बनाई सोसायटियों में रहने वाले लोग भी अब खुलकर विरोध में उतर आए हैं। रविवार को सुषमा ग्रांडे नेक्स्ट सोसायटी के निवासियों ने गेट के बाहर जोरदार प्रदर्शन कर बिल्डर के खिलाफ नारेबाजी की और वादाखिलाफी के आरोप लगाए। निवासियों का आरोप है कि फ्लैट खरीदते समय उनसे पूरी कीमत के साथ दो साल का मेंटेनेंस चार्ज भी लिया गया, लेकिन इसके बावजूद बुनियादी सुविधाएं तक मुहैया नहीं कराई गईं। करीब 100 परिवारों का कहना है कि उन्होंने अपनी जीवनभर की जमा पूंजी लगाकर फ्लैट खरीदे, लेकिन आज वे लिफ्ट, सुरक्षा और साफ-सफाई जैसी मूल सुविधाओं के लिए जूझ रहे हैं। सोसायटी में लिफ्ट बंद पड़ी हैं, पार्कों में झाड़ियां उगी हुई हैं और सांप-बिच्छुओं का खतरा बना रहता है।


निवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि बिल्डर ने मेंटेनेंस के नाम पर प्रति फ्लैट करीब 1.20 लाख रुपये वसूले, लेकिन सुविधाएं देने की जिम्मेदारी नहीं निभाई। सुरक्षा के लिहाज से भी हालात चिंताजनक हैं न तो सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और न ही कोई सुरक्षा गार्ड तैनात है। इसके अलावा फायर एनओसी का अभाव भी बड़ा खतरा बना हुआ है।

लोगों का कहना है कि 2017 से लगातार शिकायतें करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई और बिल्डर का रवैया पूरी तरह उदासीन बना हुआ है। निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन छेड़ने को मजबूर होंगे। इस पूरे मामले ने न केवल बिल्डर की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि रियल एस्टेट सेक्टर में खरीदारों की सुरक्षा को लेकर भी गंभीर चिंता पैदा कर दी है।

# डेली वेज कर्मचारियों के लिए छठा व सातवां वेतन आयोग लागू करने की मांग, ज्वाइंट एक्शन कमेटी का प्रतिनिधिमंडल चीफ इंजीनियर से मिला



चंडीगढ़/यूटर्न/30 मार्च। ज्वाइंट एक्शन कमेटी ऑफ चंडीगढ़ एडमिनिस्ट्रेशन एंड एम.सी. एम्प्लाइज एंड वर्कर्स, चंडीगढ़ का एक प्रतिनिधिमंडल चेयरमैन सुरमुख सिंह के नेतृत्व में चीफ इंजीनियर सी.बी. ओझा से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने चीफ इंजीनियर को अवगत कराया कि चंडीगढ़ में कार्यरत डेली वेज कर्मचारियों के लिए छठा और सातवां वेतन आयोग लागू करने हेतु जो कमेटी गठित की गई थी, उसकी बैठक में तैयार एजेंडे को शीघ्र लागू किया जाए। चीफ इंजीनियर सी.बी. ओझा ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि अगले सप्ताह तक एजेंडा तैयार कर नोटिफिकेशन जारी कर दिया जाएगा। इस अवसर पर चेयरमैन सुरमुख सिंह एवं पैटर्न राजा राम ने मांग रखी कि इंजीनियरिंग विंग में खाली पड़े पदों को जल्द से जल्द भरा जाए। साथ ही आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए सुरक्षित नीति बनाई जाए तथा 'समान काम के लिए समान वेतन' सुनिश्चित किया जाए। इस प्रतिनिधिमंडल में सुरमुख सिंह, राजा राम, सरवन सिंह, कुलदीप सिंह, कमल कुमार, राम सिंह, जगमोहन सिंह, रविंदर बिंद्रू, सुरिंदर शर्मा, याद राम आदि शामिल थे।



Uturn Time 31 Mar 2026_Layout 2 30-03-2026 23:04 Page 10



# अमेरिका को बड़ा झटकाः स्पेन ने अमेरिकी विमानों के लिए एयरस्पेस बंद किया, मिलिट्री बेस से भी इंकार

चंडीगढ़/यूटर्न/30 मार्च। स्पेन ने ईरान पर हमलों में शामिल अमेरिकी विमानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है। रक्षा मंत्री मार्गरीटा रोबल्स ने सोमवार को बताया कि यह फैसला, दोनों देशों द्वारा मिलकर चलाए जा रहे मिलिट्री बेस के इस्तेमाल से मना करने के उनके पहले के फैसले का ही विस्तार है। मैड्रिड में पत्रकारों से बात करते हुए रोबल्स ने कहा, हम ईरान में चल रहे युद्ध से जुड़ी किसी भी कार्रवाई के लिए न तो अपने मिलिट्री बेस के इस्तेमाल की इजाजत देते हैं और न ही अपने एयरस्पेस के इस्तेमाल की। इस कदम की खबर सबसे पहले स्पेनिश अखबार 'एल पेस' ने दी थी, जिसने मिलिट्री सूत्रों का हवाला दिया था। रिपोर्ट के मुताबिक, इस पाबंदी के चलते मिलिट्री विमानों को मध्य-पूर्व में अपने ठिकानों तक पहुंचने के लिए नाटो सदस्य देश स्पेन के ऊपर से गुजरने के बजाय उसके आसपास से घूमकर जाना पड़ेगा। हालांकि, आपातकालीन स्थितियों में एयरस्पेस बंद करने का यह नियम लागू नहीं होगा।



## ट्रंप ने दे डाली धमकी

स्पेन के अर्थव्यवस्था मंत्री कार्लोस कुएर्पो ने कहा कि यह फैसला, इस संघर्ष के प्रति सरकार के व्यापक रुख को दशार्ता है। रेडियो 'कैडेना सेर' को दिए एक इंटरव्यू में, उन्होंने कहा यह फैसला स्पेनिश सरकार द्वारा पहले ही लिए गए उस फैसले का ही एक हिस्सा है, जिसके तहत हमने एक ऐसे युद्ध में शामिल न होने या उसमें कोई योगदान न देने का निर्णय लिया था, जिसे एकतरफा ढंग से और अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ जाकर शुरू किया गया था। प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज, ईरान पर अमेरिका और इजराइल द्वारा किए गए हमलों के सबसे मुखर आलोचकों में से एक रहे हैं; उन्होंने इन हमलों को लापरवाही भरा और गैर-कानूनी बताया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संभावित आर्थिक परिणामों की चेतावनी देते हुए धमकी दी है कि अगर स्पेन ने इस संघर्ष से जुड़े अभियानों के लिए अपने मिलिट्री बेस के इस्तेमाल की इजाजत नहीं दी, तो वह मैड्रिड के साथ होने वाले व्यापार को पूरी तरह से बंद कर देंगे।

## ईरान युद्ध से जुड़ा विवाद

स्पेन की सरकार द्वारा ईरान पर अमेरिका और इजराइल के युद्ध की आलोचना किए जाने के बाद, वाशिंगटन और मैड्रिड के बीच तनाव काफी बढ़ गया है। स्पेन ने इस युद्ध को 'लापरवाही भरा' और 'गैर-कानूनी' करार दिया था। प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज के नेतृत्व वाली स्पेन की वामपंथी सरकार ने, ईरान के खिलाफ चलाए जा रहे सैन्य अभियानों के लिए, दक्षिणी स्पेन में स्थित उन हवाई और नौसैनिक अड्डों के इस्तेमाल पर भी अमेरिकी विमानों के लिए रोक लगा दी है, जिनका संचालन दोनों देश मिलकर करते हैं।

## ट्रंप काफी नाराज

इस कदम से ट्रंप काफी नाराज हो गए। इससे पहले उन्होंने स्पेन पर पूरी तरह से व्यापारिक प्रतिबंध लगाने की धमकी दी थी, और साथ ही इस बात के लिए भी स्पेन की आलोचना की थी कि वह नाटो द्वारा तय किए गए रक्षा खर्च के नए लक्ष्य (जो कि देश की कुल GDP का 5 प्रतिशत है) को पूरा करने में नाकाम रहा है। इन तमाम धमकियों के बावजूद, स्पेनिश अधिकारियों का कहना है कि दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंध अभी भी स्थिर बने हुए हैं।

# सैणी समाज ने सुखबीर बादल को सौंपा ज्ञापन

## डेराबस्सी में कब्जे को लेकर बढ़ा विवाद, संघर्ष जारी रखने की चेतावनी



डेराबस्सी/यूटर्न/30 मार्च। ऑल इंडिया सैणी यूथ फेडरेशन, सैणी भवन संघर्ष कमेटी और समूचे सैणी समाज डेराबस्सी के प्रतिनिधिमंडल ने शिरोमणि अकाली दल के प्रधान Sukhbir Singh Badal से मुलाकात कर सैणी भवन से नगर काउंसिल का दफ्तर हटाने की मांग उठाई। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें एक विस्तृत मांग पत्र सौंपते हुए भवन पर किए गए कथित अवैध कब्जे को तुरंत खाली करवाने की अपील की। प्रतिनिधिमंडल के नेताओं ने बताया कि वर्ष 1998 में गांव माधोपुर के किसानों द्वारा गरीब और जरूरतमंद लोगों के सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों के लिए सैणी भवन का निर्माण कराया गया था। आरोप है कि दिसंबर 2021 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार के दौरान मरम्मत का बहाना बनाकर नगर काउंसिल का दफ्तर यहां शिफ्ट कर दिया गया, जिससे सैणी समाज की भावनाओं को ठेस पहुंची।

# डेराबस्सी फाटक से सड़क निर्माण कार्य शुरू, विकास को मिलेगी रफ्तार




डेराबस्सी/यूटर्न/30 मार्च। हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा द्वारा क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए डेराबस्सी फाटक से भांखरपुर मुख्य सड़क तक वाया ईसापुर 4.1 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य की शुरूआत करवाई गई। इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पर करीब 1.6 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस मौके पर विधायक रंधावा ने कहा कि भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार प्रदेश में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए बड़े स्तर पर विकास कार्य करवा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता लोगों को बेहतर और सुविधाजनक जीवन देना है, जिसके लिए सड़क, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में लगातार निवेश किया जा रहा है।

# मनीमाजरा में चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार, होंडा एविएटर और 3 गैस सिलेंडर बरामद

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/30 मार्च। पुलिस को मनीमाजरा क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर दो अलग-अलग चोरी के मामलों को सुलझाने का दावा किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मनीमाजरा वासी सागर ढांडा के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार यह मामला ई-एफआईआर नंबर 384 (29 मार्च 2026) के तहत दर्ज किया गया था, जिसमें शिकायतकर्ता प्रखर सोनी ने अपनी होंडा एविएटर (HR49E4782) चोरी होने की रिपोर्ट दी थी। यह वाहन 28 मार्च को मनीमाजरा स्थित ढिल्लों सिनेमा की पार्किंग से चोरी हुआ था।




घटनाओं की बढ़ती संख्या और गैस सिलेंडर की कमी के चलते क्षेत्र में हो रही चोरी की वारदातों को देखते हुए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मनिंदर सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई और नाकाबंदी कर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान 29 मार्च को गुरुकुल ग्लोबल स्कूल के पास नाके पर आरोपी को चोरी की होंडा एविएटर और एक गैस सिलेंडर के साथ गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से दो अन्य गैस सिलेंडर भी बरामद किए गए।

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी ने मनीमाजरा क्षेत्र से कई गैस सिलेंडर चोरी करने की बात कबूल की है। बरामदगी के साथ थाना मनीमाजरा में दर्ज दो चोरी के मामलों को सुलझा लिया गया है। आरोपी को अदालत में पेश कर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अब अन्य मामलों में प्रोडक्शन वारंट पर उसे लाकर और बरामदगी करने की तैयारी में जुटी है।

# रामदरबार में स्नैचिंग का खुलासाः दो झपटमार गिरफ्तार, चेन व दस्तावेज बरामद

चंडीगढ़/यूटर्न/30 मार्च। चंडीगढ़ पुलिस को एंटी सोशल एलिमेंट्स के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता मिली है। सेक्टर-31 थाना पुलिस ने स्नैचिंग की वारदात को सुलझाते हुए दो आरोपियों कार्तिक (22) और रविंदर उर्फ मुकाम्बो (20) को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एसएसपी यूटी कंवरदीप कौर के निर्देशों, एसपी सिटी केएम प्रियंका के मार्गदर्शन और एसडीपीओ साउथ गुरजीत कौर की निगरानी में की गई। पुलिस के अनुसार



यह मामला एफआईआर नंबर 52 (30 मार्च 2026) के तहत दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता अनुज कुमार, जो 'इन ड्राइव' ऐप के साथ कैब ड्राइवर के रूप में कार्यरत हैं, ने बताया कि 28 मार्च की शाम करीब 7:15 बजे वह रामदरबार फेज-2 स्थित शिव मंदिर के पास सवारी छोड़ने के बाद अगली राइड का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान दो युवकों ने उनसे बातचीत शुरू की और मौका पाकर एक आरोपी ने उनकी जैकेट की जेब से 1100 रुपये (आधार और पैन कार्ड की फोटोकॉपी में रखे हुए) निकाल लिए, जबकि दूसरे ने उनके गले से चेन झपट ली और दोनों मौके से फरार हो गए।

जांच के दौरान पुलिस ने 30 मार्च को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में कार्तिक के कब्जे से एक चेन, नकदी और आधार कार्ड की कॉपी, जबकि रविंदर उर्फ मुकाम्बो के पास से पैन कार्ड की कॉपी बरामद की गई। पुलिस ने बरामद सामान को कब्जे में लेकर आरोपियों को अदालत में पेश किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि कार्तिक के खिलाफ कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है, जबकि रविंदर उर्फ मुकाम्बो के खिलाफ पहले भी चोरी का एक मामला दर्ज है। पुलिस अब दोनों से पूछताछ कर अन्य वारदातों में उनकी संलिप्तता की जांच कर रही है।

# डेराबस्सी के गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी धूमधाम से आयोजित

## नन्हे छात्रों के रंगारंग कार्यक्रमों ने बांधा समां, प्रतिभागियों को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

डेराबस्सी/यूटर्न/30 मार्च। गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल, डेराबस्सी में कक्षा नर्सरी से लेकर यू.के.जी. तक के विद्यार्थियों की ग्रेजुएशन सेरेमनी बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। नर्सरी और एल.के.जी. के विद्यार्थियों ने विभिन्न गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए, वहीं यू.के.जी. के छात्रों ने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न को गीत के माध्यम से प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को भावुक और प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या कविता अत्री ने छात्रों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर



स्कूल के उप-प्रधान अमृत पाल सिंह ने सभी विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्रधानाचार्या कविता अत्री ने अपने संबोधन में बच्चों को आगे बढ़ने और जीवन में सफल बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ग्रेजुएशन सेरेमनी में शामिल होने वाले सभी अभिभावकों एवं अतिथियों का भी हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया।

# हिरासत में नाबालिग, परिजनों का हंगामा और चेतावनी



जालंधर/यूटर्न/30 मार्च। जालंधर के थाना नंबर 6 में एक 10वीं कक्षा के छात्र को पुलिस हिरासत में लिए जाने के बाद देर रात जमकर हंगामा देखने को मिला। परिजनों ने आरोप लगाया कि उनके 17 वर्षीय बेटे को बिना किसी ठोस कारण के छह घंटे से अधिक समय तक थाने में बैठाकर रखा गया और उन्हें उससे मिलने भी नहीं दिया गया।परिवार का कहना है कि पुलिस ने दोपहर में उनके बेटे को घर से उठाया। जब वे उसकी तलाश में अलग-अलग थानों के चक्कर काटते रहे, तब देर रात पता चला कि उसे थाना नंबर 6 में रखा गया है। परिजनों का आरोप है कि थाने पहुंचने पर पुलिस ने गेट बंद कर दिए और उन्हें अंदर जाने से रोक दिया। इस दौरान छात्र की मां ने रोते हुए कहा कि अगर उसके बेटे को कुछ हुआ तो वह थाने के बाहर अपनी जान दे देगी।लड़के के पिता ने भी पुलिस पर दुर्व्यवहार और धमकाने के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पुलिस ने उन्हें डराया-धमकाया और सही जानकारी नहीं दी।वहीं, पुलिस का कहना है कि एक नाबालिग लड़की से मोबाइल छीनने के मामले में संदेह के आधार पर छात्र को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जांच कानून के तहत की जाएगी।

# गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी धूमधाम से आयोजित

डेराबस्सी/यूटर्न/30 मार्च। गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल, डेराबस्सी में कक्षा नर्सरी से लेकर यू.के.जी. तक के विद्यार्थियों की ग्रेजुएशन सेरेमनी बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।

नर्सरी और एल.के.जी. के विद्यार्थियों ने विभिन्न गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए, वहीं यू.के.जी. के छात्रों ने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न को गीत के माध्यम से प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को भावुक और प्रेरित किया।



कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या कविता अत्री ने छात्रों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल के उप-प्रधान अमृत पाल सिंह ने सभी विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या कविता अत्री ने अपने संबोधन में बच्चों को आगे बढ़ने और जीवन में सफल बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ग्रेजुएशन सेरेमनी में शामिल होने वाले सभी अभिभावकों एवं अतिथियों का भी हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया।

# लालड़ू में दूसरे कबड्डी कप का आयोजन, टिवाणा टीम बनी विजेता

## विजेताओं और खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार देकर किया सम्मानित

लालड़ू/यूटर्न/30 मार्च। लालड़ू क्षेत्र के खेल स्टेडियम में शहीद भगत सिंह यूथ वेलफेयर क्लब द्वारा दूसरा कबड्डी कप बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। इस खेल प्रतियोगिता का आयोजन पंजाब वाटर सप्लाई और सीवरेज बोर्ड के वाइस चेयरमैन सुभाष शर्मा के सहयोग से किया गया, जिसमें इलाके के खेल प्रेमियों की भारी भीड़ देखने को मिली।

इस कबड्डी कप में कुल 24 टीमों ने भाग लिया, जिससे प्रतियोगिता का स्तर काफी ऊंचा रहा। शुरूआती मुकाबलों से लेकर सेमीफाइनल तक सभी मैच बेहद रोमांचक रहे और खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। फाइनल मुकाबला गांव टिवाणा और चोई साहिब की



टीमों के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमों ने जोरदार खेल दिखाया।

कड़े मुकाबले के बाद गांव टिवाणा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल जीत लिया और विजेता बनने का गौरव हासिल किया। विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 31,000 रुपये की राशि और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया, जबकि उपविजेता टीम को 21,000 रुपये का इनाम दिया गया।

इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी और पंजाब हेल्थ कॉरपोरेशन सिस्टम के वाइस चेयरमैन विक्की घनौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ कबड्डी खिलाड़ी टिंकू घनौर भी मौजूद थे। कार्यक्रम में मार्केट कमेटी मोहाली के चेयरमैन गोबिंद मित्तल, गौ सेवा संगठन के सदस्य अमित जैन, ट्रक यूनियन के प्रधान नरेंद्र धीमान, डेराबस्सी मार्केट कमेटी लालड़ू के चेयरमैन बलविंदर सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इसके अलावा सरपंच कुलदीप सिंह, पूर्व सरपंच गुरपाल सिंह, सुरजन सिंह, सुरेश शर्मा, रमेश शर्मा, बब्बलप्रीत, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. संजीव वर्मा, रमेश सैणी गाजीपुर, सतपाल सैणी गाजीपुर, कुलदीप सिंह गाजीपुर और लखविंदर सिंह लंबड़दार गाजीपुर सहित अन्य समाजसेवियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

प्रतियोगिता के अंत में बेस्ट रेडर का खिताब पित्ता टिवाणा को दिया गया, जबकि बेस्ट जाफी का पुरस्कार नन्ना धनौरी को मिला। दोनों खिलाड़ियों को 3,100 रुपये की राशि देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन ने क्षेत्र में खेलों के प्रति युवाओं में नया उत्साह पैदा किया।



Neha Sharma

Uturn Time 31 Mar 2026_Layout 2 30-03-2026 23:05 Page 12






Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार। Contact - +91 9814295372